आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 11.06.2024

मुख्य समाचारः–

1– बलौदाबाजार में हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक।

2– केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को जारी की चार हजार सात सौ इकसठ करोड़ रूपये से अधिक की कर धनराशि।

3– अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने चिरमिरी में दो सौ चालीस सीटों के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना को मंजूरी दी।

3– रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का होगा आयोजन।

बलौदाबाजार घटना–बैठक

बलौदाबाजार जिले में हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को लेकर आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरूण साव के अलावा राज्य सरकार के पांच मंत्री भी मौजूद थे।

इस बीच, तोड़फोड़ और आगजनी की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है और इस मामले में कुछ एफआईआर दर्ज की गई है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीती रात जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना का जायजा लिया। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार गिरौदपुरी में हुई तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच की घोषणा पहले ही कर चुकी है।

मुख्यमंत्री–जवान स्वास्थ्य

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार हिंसा में घायल पुलिस जवान संदीप खलको के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्री खलको को बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह ने अस्पताल का दौरा कर श्री खलको का हालचाल पूछा। आईजी, कलेक्टर और एसपी ने इलाज कर रहे डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन से भी चर्चा की और बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। डॉक्टरों ने बताया की घटना में श्री खलको के जबड़े और आंख में चोट लगी है। उन्हें भर्ती कर जांच और इलाज शुरू कर दिया है। घायल जवान की सहायता के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने घायल जवान के परिवारजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

केन्द्रीय–मंत्री विभाग

केंद्र सरकार के मंत्रियों के विभाग आवंटित कर दिए गए हैं। राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय, अमित शाह को गृह और सहकारिता मंत्रालय, नितिन गडकरी को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, निर्मला सीतारामन को वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय तथा डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर को विदेश मंत्री के पद पर बरकरार रखा गया है। जगत प्रकाश नड्डा नए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री बनाए गए हैं। शिवराज सिंह चौहान को कृषि किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है। अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय आवंटित किया गया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आवास और शहरी विकास मंत्री के साथ–साथ ऊर्जा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गयी है। किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य मंत्री और अन्नपूर्णा देवी को महिला विकास मंत्री बनाया गया है। लोचपा रामविलास के नेता चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया संचार मंत्रालय का कार्यभार देखेंगे। जेडी(एस) नेता एचडी कुमारस्वामी को भारी उद्योग मंत्री बनाया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री बनाए गए हैं। सर्बानंद सोनोवाल को जहाजरानी मंत्री जदयू नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज जबकि प्रह्लाद जोशी उपभोक्ता मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है।

वहीं, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सांसद तोखन साहू को शहरी विकास और आवास राज्यमंत्री बनाया गया है। ये पद संभालने वाले प्रदेश वे प्रदेश के पहले सांसद है।

केन्द्र–कर धनराशि

केंद्र सरकार ने राज्यों को जून महीने के लिए एक लाख उनतालीस हजार सात सौ पचास करोड़ रुपये की कर धनराशि जारी कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ को चार हजार सात सौ इकसठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह राशि राज्य सरकारों को विकास और पूंजी संबंधी व्यय में तेजी लाने में मदद करेगी। दो हजार चौबीस–पच्चीस के अंतरिम बजट में राज्यों को कर हस्तांतरण के लिए बारह लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस किश्त के साथ ही केंद्र ने दस जून तक राज्यों को दो लाख उनयासी हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि दे दी है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को राशि जारी किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि केंद्र सरकार द्वारा मिली इन राशियों का उपयोग प्रदेशवासियों के हित और यहां के विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–आश्वासन

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने देशभर के मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट उम्मीदवारों को आश्वासन दिया है कि छह परीक्षा केंद्रों के एक हजार पांच सौ तिरसठ उम्मीदवारों के परिणामों की दोबारा पूरक अंक समीक्षा के कारण उनकी रैंकिंग प्रभावित नहीं होगी। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक ने कहा कि मामले की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

पॉलीटेक्निक कॉलेज–स्थापना

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद–ए.आई.सी.टी.ई. ने छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में दो सौ चालीस सीटों के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इस पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना चिरमिरी में चालू शैक्षणिक सत्र से की जाएगी। नये शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के लिए साठ सीट, जिओग्राफिक इंफार्मेशन सिस्टम और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम में डिप्लोमा के लिए साठ, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के लिए साठ सीट और माइनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के लिए साठ सीटों का प्रावधान है। यह पॉलीटेक्निक कॉलेज भिलाई स्थित स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध होगा।

कैबिनेट–पीएम आवास

केन्द्र सरकार ग्रामीण और शहरी परिवारों के आवास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त मकान प्रदान करेगी। कल नई दिल्ली में नवगठित एनडीए सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया। केंद्र सरकार ने पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं वाले घरों के निर्माण के लिए वर्ष दो हजार पन्द्रह से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की है। इस योजना के तहत पिछले दस वर्षों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल चार करोड़ इक्कीस लाख मकान का निर्माण पूरा हो गया है। इन सभी घरों में शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, नल कनेक्शन और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

आम महोत्सव

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में आम के डेढ़ सौ से अधिक किस्मों और उससे बने छप्पन व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा आम सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी, महिलाएं तथा आम नागरिक भी पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में पंजीयन और प्रवेश निःशुल्क है। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ और देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे।

राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल करेंगे।

बाल श्रम निषेध दिवस

कल अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संदेश जारी कर कहा है कि बच्चे देश का सुनहरा भविष्य और समाज की अमूल्य निधि हैं, जिनका सरंक्षण और संवर्धन हम सबकी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि छोटे बच्चों से मजदूरी न कराएं और न ही किसी को ऐसा करने दें।

वहीं, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि बाल श्रम अपराध की श्रेणी में आता है, इसलिए थोड़े से स्वार्थ के लिए बच्चों का जीवन दांव पर ना लगाएं। बच्चे समाज और देश का भविष्य होते हैं।

## विशेषज्ञ चिकित्सक–समिति

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह की अध्यक्षता में आज विधानसभा सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और मेडिकल कालेजों की सुविधाओं में विस्तार को लेकर चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेश के मेडिकल कालेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर चिंता जाहिर की और उनके मानदेय को बढ़ाने तथा उन्हें नियमित करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के सुझाव पर एक समिति बनाने के निर्देश दिए हैं। इस समिति में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव नोडल अधिकारी होंगे। समिति में वित्त तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी के साथ ही किसी मेडिकल कॉलेज के डीन और सीनियर प्रोफेसर भी शामिल होंगे। ये समिति एक महीने में विशेषज्ञ चिकित्सकों के मानदेय और उनके नियमितिकरण के बारे में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के प्रावधानों और नियमों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## अभियंता–प्रशिक्षण कार्यक्रम

रायपुर में आज से लोक निर्माण विभाग की ओर से रायपुर और दुर्ग संभाग के अभियंताओं के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सड़क और पुल–पुलिया निर्माण की नई तकनीकों के ज्ञान से अभियंताओं की दक्षता बढ़ेगी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे पुलिया तथा लघु और मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण व रखरखाव की नई और आधुनिक तकनीकों से रू–ब–रू होंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से राज्य में पुलिया तथा लघु–मध्यम पुलों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण और रखरखाव सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

– रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में कल अट्ठारह सौ से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। इस मौके पर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया।

– बालोद जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र में सहगांव जा रहा मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>